हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 28 जनवरी 2024

04 75वें गणतंत्र दिवस पर राज्य मंत्री पवार ने ...


07 जिले भर में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस समारोह




### मुख्य समारोह में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड की सलामी ली

# जिले में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मना गणतंत्र दिवस समारोह

**जिले में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। परिवहन मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



इसके पश्चात गुब्बारे हवा में मुक्त विचरण के लिए छोड़े। तत्पश्चात परेड दलों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया। परेड दल का नेतृत्व परेड कमांडर सूबेदार विनय अडलक और परेड उप कमांडर सूबेदार सूरज जामरा ने किया। परिवहन मंत्री ने दल नायकों से परिचय भी प्राप्त किया। परिवहन मंत्री द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, माया नारोलिया, माधवदास अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अपर आयुक्त आरपी सिंह नर्मदापुरम संभाग, पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली, उप पुलिस महानिरीक्षक जगत सिंह राजपूत, कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधिक्षक डॉ गुरकरन सिंह, फील्ड डायरेक्टर एसटीआर एल कृष्णमूर्ति, सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक आशुतोष मिश्र सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम में एकरुपता के साथ स्कूली बच्चों ने शानदार पीटी का प्रदर्शन किया।

### स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बिखेरी इंद्रधनुषी छटा

मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इंद्रधनुषी छटा बिखेरी। कार्यक्रम में देशभक्ति पर केंद्रित गीत जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया गीत पर शासकीय कृषि सी.एम राइस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवारखेड़ा स्कूल के 73 छात्र छात्राओं ने सुंदर प्रस्तुति दी। जवाहर नवोदय विद्यालय पवारखेड़ा के 62 छात्र छात्राओं द्वारा थोड़ी सी धूल मेरी मेरे वतन की रंग दे बसंती गीत पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार स्प्रिंगडेल्स स्कूल नर्मदापुरम के 150 छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम सुजलाम सुफलाम एवं जहां है तारों से आगे भी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। एकलव्य विद्यालय भरगदा केसला के 110 छात्र छात्राओं द्वारा जागो रे धरती ना जागे रे गीत पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। नर्मदावैली इंटरनेशनल स्कूल नर्मदापुरम के 170 छात्र-छात्राओं ने जयतु जयतु भारतम् गीत पर प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी के साथ शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय नर्मदापुरम के 104 छात्र छात्राओं ने ए वतन मेरे वतन एवं आदिवासी जंगल का रखवाला रे गीत पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

### आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन

गणतंत्र दिवस समारोह में शासकीय योजनाओं पर केंद्रित विभिन्न आकर्षक झाकियों का प्रदर्शन किया गया। जिला रेशम विभाग नर्मदापुरम द्वारा रेशम उत्पादन से नारी सशक्तिकरण संकल्प समृद्धि और समर्थ की ओर बढ़ता मध्य प्रदेश की थीम पर झांकी का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार वन मंडल अधिकारी द्वारा वन धन केंद्रों से ग्रामीणों की समृद्धि एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा थीम पर, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन थीम पर, जिला पंचायत नर्मदापुरम द्वारा वर्षा जल को सहेजेंगे ,आजीविका को बढ़ाएंगे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित, प्रबंधक लोकसेवा द्वारा समय पर सेवा सबका अधिकार, उपायुक्त सहकारिता द्वारा सरकार से समृद्धि अंतर्गत पैक्स कम्प्यूटरीकरण, सामाजिक न्याय द्वारा नशा मुक्ति अभियान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों एवं प्रयासों का क्रमबद्ध प्रदर्शन, जनजाति कार्य विभाग द्वारा जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं, केंद्रीय जेल विभाग नर्मदापुरम द्वारा बंदी का रूपांतरण तथा रचनात्मक सृजन , स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने वाली आयुष्मान योजना पर आधारित एवं किसान कल्याण कृषि विभाग द्वारा कृषि विकास को सामूहिक रूप से गतिविधियों का प्रदर्शन थीम पर झांकियां का प्रदर्शन किया गया।

### झांकी प्रदर्शन में कृषि विभाग, सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्प्रिंगडेल्स स्कूल तथा परेड प्रदर्शन में जिला पुलिस बल को मिला प्रथम पुरस्कार





झांकियों के प्रदर्शन में कृषि विभाग को प्रथम, जिला पंचायत नर्मदापुरम को द्वितीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्प्रिंगडेल्स स्कूल नर्मदापुरम को प्रथम, शासकीय कृषि सीएम राइज स्कूल पवारखेड़ा को द्वितीय तथा नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल नर्मदापुरम को तृतीय पुरस्कार मिला। इसी प्रकार प्रदेश प्रदर्शन में जिला पुलिस बल को प्रथम, सीनियर डिवीजन आर्मी विंग 13 एमपी बटालियन को द्वितीय पुरस्कार मिला तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय पुरस्कार मिला।

## गणतंत्र दिवस पर स्प्रिंगडेल्स स्कूल में बच्चों ने किए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत अध्यक्ष पीके चटर्जी द्वारा तिरंगा झंडा फहराने से हुई। ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान गाया गया। गणतंत्र दिवस उस दिन की याद दिलाता है जब भारत ने एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए अपना संविधान अपनाया था। अतः इस पावन दिवस पर विद्यालय में कई रंगारंग प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया था।

प्राचार्य मोना चटर्जी द्वारा स्वागत भाषण के पश्चात एनसीसी स्काउट गाइड और स्कूल बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों की धुन पर तालबद्ध तरीके से मार्च पास्ट किया गया। स्काउट गाइड दल द्वारा 'प्लास्टिक पर रोक लगाना आवश्यक' विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने कविता पाठ, गान आदि प्रस्तुत किए। स्कूल प्रांगण तब देशभक्ति के उत्साह से गूंज उठा जब बच्चों ने देशभक्ति गीत की धुन पर नृत्य किया, देशभक्ति के गीत गाए और इस अवसर को यादगार बनाने के लिए तिरंगे रंग के कपड़े भी पहने। बच्चों की लयबद्ध प्रस्तुति ने सभी के दिलों में देशभक्ति का रंग भर दिया। नन्हे - मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस के अंतर्गत देशभक्ति के रंग में रंग कर हमारे देश के महान नेताओं को याद कर श्रद्धांजलि दी। जनरल मैनेजर सोनल सोखी ने एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन वाइस प्रिंसिपल लक्ष्मी पलोहिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रभांशी भट्ट एवं विद्यार्थी इंसिया हिलाल व वेदांत अहिरवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अंजुली चौबे, किरण झारिया, प्रमिला कलम, निमिष कुरेले व कुमारी दीपिका वर्मा थे। मिष्ठान वितरण व अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## असफलता में ही छिपा है सफलता का राजः चतुर्वेदी




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व में जिस व्यक्ति ने भी सफलता प्राप्त की है, उन्होंने अपनी असफलता से ही सीखकर सफलता प्राप्त की है इसलिए असफलता से डरने की जरूरत नहीं है। यह बात प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर पंकज चतुर्वेदी ने गत दिवस समेरिटंस स्कूल में विद्यार्थियों के साथ प्रेरणा संवाद के दौरान कही। चतुर्वेदी ने कहा कि जिस तरह एक हवाई जहाज को उड़ने के लिए निश्चित गति चाहिए तभी टेक ऑफ करता है, ठीक उसी तरह सफलता के लिए भी एक परिश्रम की आवश्यकता है। आप जब आवश्यक परिश्रम करेंगे तो फिर सफलता के आसमान में उड़ान भर सकते है।

उन्होंने अपने प्रबोधन के दौरान भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व और धर्म पर भी बच्चों को महती जानकारी दी। साथ ही प्रश्नोत्तरी के दौरान बच्चों की जिज्ञासाओं के भी जबाव दिए। प्रेरणा संवाद के दौरान राजेंद्र ठाकुर, स्कूल वाइस प्रिंसिपल रोहिताश सिंह और विक्रांत खंपरिया ने चतुर्वेदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया।

## मौसमः पचमढ़ी में ठंड ऐसी की सुबह होने तक ओस बन गई बर्फ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पर्वतीय स्थल पचमढ़ी में ठंड जोरों पर है। इस वक्त का आलम यह है कि रात में तापमान 5 से 6 डिग्री के करीब जा रहा है और सुबह सूर्योदय के पहले तापमान करीबन 2 से 3 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। पचमढ़ी शहर को छोड़ दें तो बाहरी क्षेत्र में ठंड और ज्यादा है। पिछली रात इतनी कड़ाकेदार ठंड रही की रात में गिरने वाली ओस की बूंदे सुबह होते तक बर्फ में तब्दील नजर आई।


### शहरवासियों ने साझा की तस्वीरें

रात में गिरी उसकी जैसे ही पचमढ़ी के शहर वासियों ने सुबह बर्फ में तब्दील नजर पाया वैसे ही तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर अपलोड की। हालांकि पचमढ़ी में इस तरह की कड़ाकेदार ठंड पड़ना आम बात है लेकिन गौरतलभी है कि यह ठंड इस साल काफी देर से पड़ी है। जो भी हो नव वर्ष 2024 की पहली कड़ाकेदार ठंड में बर्फीला माहौल देखकर शहर वासियों ने काफी आनंद लिया।

### मन की बात कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने बताया कि रविवार को मन की बात कार्यक्रम नर्मदापुरम जिले के सभी 1187 बूथों पर सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम सुना जाएगा।

### वर्धमान जूनियर के बच्चों ने ईवीएम मशीन का उपयोग करना सीखा



**इटारसी।** युवा मन में 'करके सीखना' के मूल्यों को स्थापित करने के लिए, वर्धमान जूनियर ने कक्षा के बाहर सीखने के लिए इस पूरे सप्ताह की योजना बनाई है। इस कार्यक्रम में छात्रों को वास्तविक गतिविधियों और वास्तविक समय के अनुभवों के माध्यम से उनके पाठ्यक्रम के विषयों को पढ़ाया जा रहा है जिसमें सामाजिक विज्ञान विषय के अंतर्गत बच्चों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में बताया गया कि किस प्रकार से चुनाव के लिए प्रचार किया जाता है? कब तक प्रचार किया जाता है? ईवीएम मशीन क्या होती है? वोट डालने के लिए उसका उपयोग कैसे किया जाता है? चुनाव से संबंधित ऐसी कई महत्वपूर्ण बातों को समझने के लिए कक्षा 3 और 4 के सभी बच्चों ने चुनाव की पूरी प्रक्रिया को करके सीखा जिसमें उन्होंने ईवीएम मशीन का उपयोग करना सीखा और वोट डालने के महत्व को भी जाना।

### देशभक्ति से भरे लोक गीतों से गुंजायमान हुआ नर्मदा तट का पर्यटन घाट




गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिले के पर्यटन घाट पर लोकतंत्र का महोत्सव भारत पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें लोक कलाकारों द्वारा बघेली लोकगायन तथा ढिमराइ और कांगड़ा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य हाई स्कूल बिकोर दुर्गेश नंदन व्यास और संस्कृति जैसवाल द्वारा किया गया। समारोह में जिला जनसंपर्क कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा लगाई विकास प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। प्रदर्शनी शासन की योजनाओं एवं नागरिकों के हित में संसद द्वारा पारित किए गए 3 नए कानूनों पर केंद्रित रही। प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं एवं नए कानूनों को 58 पैनल्स पर चित्रित किए गए। कार्यक्रम में बढ़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर सोनिया मीना, सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, एडीएम देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण और गणमान्य नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में लोक कलाकार भोपाल के अनुराग त्रिपाठी और 7 सदस्यीय दल द्वारा देशभक्ति के सुमधुर बघेली लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से हर हर हो नर्मदा माई, भूमि भारत की जग जानी मानी है, जन्म लिया भारत में इत्यादि गीत प्रस्तुत किए गए। जनपद सीईओ नर्मदापुरम हेमंत सूत्रकार द्वारा भी देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में सिरोंज के परमानंद केवट और 8 सदस्यीय दल द्वारा ढिमराई और कांगड़ा लोक नृत्य की प्रस्तुति गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर द्वारा अंत में सभी लोक कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं साल श्रीफल भेंट किए गए। इस अवसर पर एसडीएम नर्मदापुरम श्री आशीष पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, सीएमओ नवनीत पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने की राजस्व महाअभियान की समीक्षा, अधिकारियों को निर्देश...

# लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राजस्व महाअभियान अंतर्गत दर्ज प्रकरणों के निराकरण, पीएम किसान ई-केवाईसी, स्वामित्व योजना तथा राजस्व वसूली में प्रगति लाएं। यह निर्देश शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की वीसी में कलेक्टर सोनिया मीना ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिए। कलेक्टर सोनिया मीना ने बैठक में तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। विशेष ध्यान देकर ऐसे प्रकरण जो समयसीमा से पर हो गए हैं ऐसे प्रकरणों का निराकरण किया जाए।

बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर जाकर देखें कि जो भी प्रकरण दर्ज हो रहे हैं उनका निराकरण तय समयसीमा में किया जाए। साथ ही साथ ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है उनके कारणों का पता कर उनका डिस्पोजल कराएं। प्रत्येक तहसील इस बात का विशेष ध्यान रखें कि b1 वचन में किसी भी प्रकार की विसंगति न हो। राजस्व महाअभियान से जुड़े समस्त डाटा को समय पर आरसीएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करवाना और त्रुटि सुधार सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली के संबंध में कलेक्टर द्वारा समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जाए। जिन तहसीलों ने लक्ष्य के अनुरूप मांग कायम कम की है ऐसी तहसीले राज्य सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य अनुरूप मांग बढ़ाएं एवं राजस्व वसूली के कार्य में गति लाए। स्वामित्व योजना अंतर्गत ऐसे नक्शे जो की रिजेक्ट हुए हैं, उनमें त्रुटि सुधार कर दोबारा पास होने के लिए भेजें। इसी के साथ समस्त एसडीएम, तहसीलदार,नायब तहसीलदार को यह निर्देशित किया है कि तकनीकी टीम से समन्वय कर ऐसे नक्शों की समस्या का निराकरण करवाएं जो की ऑनलाइन नहीं खुल रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विस्थापित ग्रामों के आरओआर एंट्री नियमित आधार पर की जाए। राजस्व महा अभियान के अंतर्गत समस्त रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट रहे। कोई भी रिकॉर्ड ऑफलाइन प्रस्तुत न करें। उन्होंने लंबित ई केवाईसी, नामांतरण, बटवारा , राजस्व वसूली के प्रकरणों में पूरी गंभीरता के साथ काम करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत समस्त लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा के भीतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## जेएल वर्मा मेमोरियल ट्रॉफी स्पर्धा का दूसरा मैच रोमांचक स्थिति में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया शनिवार को खेली जा रही जेएल वर्मा मेमोरियल ट्राफी अंडर-13 का दूसरा मैच हरदा और बैतूल के मध्य खेला गया। मैच के पहले दिन के खेल में हरदा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया बेतूल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 58 रनों पर ऑल आउट हो गई। बैतूल टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मीत ने सर्वाधिक 15 रन का योगदान दिया हरदा टीम की ओर से शनदार गेंदबाजी करते हुए हर्षित गौर ने 21 रन देकर 8 विकेट लिए सूर्यांश ने 2 विकेट लिए। इसके बाद हरदा टीम ने बल्लेबाजी करते हुए बैतूल के गेंदबाज उबेद रजा की शानदार गेंदबाजी के आगे मात्र 30 रनों पर ऑल आउट हो गई।बेतुल के गेंदबाज उबेद रजा ने 12 रन देकर 5 विकेट लिए तथा देवांशु चौहान एवं सक्षम ने 2-2 विकेट का योगदान दिया। इस तरह बैतूल ने 28 रनों की बढ़त बनाई इसके पश्चात बैतूल टीम ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए आज के दिन के खेल के समाप्त होने तक 7 विकेट खोकर 78 रन बना लिए है हरदा टीम की ओर से हर्षित गौर ने दूसरी पारी में भी 4 विकेट लिए बेतुल टीम की ओर से कप्तान देवांशू चौहान अभी क्रीज पर मोजूद है। मैच में अंपायर कि भूमिका मनीष यादव एवं विशाल शर्मा ने निभाई। स्कोरर की भूमिका धीरज पाटिल ने निभाई। मैच के दूसरे दिन का खेल कल सुबह खेला जायेगा।

स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, सरकारी विभागों ने निकाली झांकियां, जगह-जगह फहराया गया तिरंगा झंडा

# जिले भर में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस समारोह

नगर के शासकीय एवं निजी स्कूलों में हर्षोल्लास से 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया सभी शासकीय विभाग ऑन की इमारत पर शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। नगर के स्कूलों, पुलिस चौकी सहित ग्राम पंचायत कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह अति हर्ष उल्लास से मनाया गया समाजसेवी गढ़वाल ने प्रतिभाशाली छात्रों को स्कूल बैग प्रदान किए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नगर के शासकीय स्कूलों में 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। इधर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर बालक शाला में प्रभारी प्राचार्य शीला चौधरी की उपस्थिति में बड़े ही उत्साह पूर्वक गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। सर्वप्रथम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य राम सिंह किरार ने ध्वजारोहण कर तिरंगा झंडे को सलामी दी। स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के संग छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली जिसमें गणतंत्र दिवस अमर रहे और भारत माता की जय के जय घोष लगाए गए। माता सरस्वती की पूजन कर संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें सामूहिक नृत्य, आदिवासी नृत्य, देश भक्ति गीतों पर मोहिनी कहार दिव्यांग छात्रा द्वारा सुंदर गीत की प्रस्तुति दी गई एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसी बीच प्रतिभावान छात्रों के सम्मान में कक्षा 12वीं में कला संकाय से संबंधित अंक प्राप्त दीपिका पटेल को पंडित राधा वल्लभ पचौरी स्मृति प्रतिभा पुरस्कार सेमरी हरचंद लक्ष्मी मधुसूदन पचौरी की ओर से 1100 की राशि प्रदान की गई। प्रतिभाशाली छात्रों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

## समाजसेवी गढ़वाल ने स्कूल बैग वितरण किए

इधर नगर के समाजसेवी एवं शिवसेना के पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांत गढ़वाल द्वारा विगत 8 वर्षों से स्कूल के टॉपर बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया जाते हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर बालक शाला सेमरी हरचंद में 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दो छात्रों को स्कूल बैग उपहार स्वरूप दिए गए एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं माही ठाकुर एवं दीपिका पटेल को स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका प्रतिभा साहू ने भी निर्धन वर्ग की बालिकाओं को गर्म स्वेटर वितरित किया। कार्यक्रम में नगर के सरपंच चेतन मीना, उप सरपंच धर्मेंद्र सिंह पटेल, चौकी प्रभारी एएसआई नरेश रघुवंशी, स्मिता तोमर, देवेंद्र ओंकारी, जन प्रतिनिधि राघव पटेल, अर्जुन सिंह मीणा, सरस्वती गिरीश बढ़गोती, शिवसेना के पूर्व जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी चंद्रकांत गढ़वाल, मंगेश माहेश्वरी, पत्रकार सुरेश कुमार कोरी, पत्रकार तरुण मेहरा, बृजमोहन पचौरी, छात्रावास प्रभारी उमा मेहरा, शाला के प्रभारी प्राचार्य राम सिंह किरार, शिक्षिका प्रतिभा साहू, के अलावा नगर के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंत में सभी छात्राओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच ने किया ध्वजारोहण

इधर जमुनिया एवं सेमरी हरचंद ग्राम पंचायत कार्यालय में पंचायत कार्यालय को रंग बिरंगी रोशनी और रंगोली से सजाया गया जहां ग्राम के सरपंच प्रेमशंकर एके एवंचेतन मीना ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को तिरंगे को सलामी दी। जमुनिया पंचायत के सचिव पुरुषोत्तम गौड़ एवं उप सरपंच अमर सिंह राजपूत पांच देवी सिंह ठाकुर राजेश पटेल एवं जीआरएस वीरेंद्र मालवीय कथा ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद के उपसरपंच धर्मेंद्र सिंह पटेल, ग्राम पंचायत सचिव नागेंद्र सराठे, जीआरएस निर्मल सिंह चौहान ग्राम के सभी वार्ड मेंबर कर्मचारी और सफाई कर्मी मौजूद रहे उपस्थित सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया।

## पुलिस चौकी में प्रभारी ने किया ध्वजारोहण

इधर स्थानीय पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी एएसआई नरेश रघुवंशी ने अपने स्टाफ के साथ ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। यहां एएसआई अशोक सातनकर, प्रधान आरक्षक प्रमोद पटेल, प्रधान आरक्षक अनिल मालवीय, आरक्षक दीपक पाराशर, आरक्षक अतुल शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## एतिहासिक रूप से मनाया गणतंत्र दिवस



**पिपरिया।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सभी स्कूलों में गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह के रूप में मनाया गया। जन्म मुख्य रूप से सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल के संस्था प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। इसी दौरान गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पिपरिया अनु विभाग से अधिकारी कर्मचारियों को लिए प्रशस्ति पत्र शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। जिसमें मंगलवार थाना से उप निरीक्षक गणेश राय, रूपेंद्र कुमार वीके को पचमढ़ी से स्टेशन रोड थाना से प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार ठाकुर तथा अनुविभागी पुलिस अधिकारी कार्यालय में पदस्थ आरक्षक शशिकांत कौरव को सम्मानित किया गया। नगर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल तथा कार्यक्रम की मुख्य आकर्षक जनपद अध्यक्ष संध्या सिंघाड़े उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने सभी अतिथियों के साथ उत्साह के साथ ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय गीत स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया अतिथियों के द्वारा एनसीसी स्कूल राना एवं सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा सलामी दी गई। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम के दौरान सलामी ली और बड़े ही उत्साह से संविधान पारित होने वाले दिन को देशभर में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया इसी तरह से पिपरिया विधानसभा में भी मनाया गया बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विभागों के द्वारा अपनी विभागीय तथा राष्ट्रीय एवं झांकियां का संचालन किया गया सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

## राममय हुआ गणतंत्र दिवस समारोह, नपा की झांकी सहित स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नजर आए श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लोकतंत्र की 75 वी वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनायी। मुख्य कार्यक्रम गांधी स्टेडियम में हुआ। यहां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने ध्वजारोहण किया। बतौर मुख्य अतिथि मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा उपस्थित थे। विशेष अतिथि के तौर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी प्रतीक राव, तहसीलदार सुनीता साहनी, सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा मौजूद रहीं। खास बात यह रही की सारा कार्यक्रम राम मय हुआ। नगरपालिका इटारसी ने अपनी झांकी में अयोध्या का सुंदर अलौकिक राम मंदिर दिखाया और कार सेवकों का सम्मान किया तो स्कूलों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्य क्रम में भी सियाराम नजर आए। मुख्य समारोह में अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद अतिथियों ने सलामी गार्ड का निरीक्षण किया। झंडावंदन के बाद राष्ट्रगान फिर अतिथियों का स्वागत हुआ। अतिथियों ने परेड की सलामी ली। मार्चपास्ट के दौरान राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। छात्राएं शीतल बकोरिया, रिया सेन, संजना हरियाले, पूर्णाश्री, संध्या उईके, टीना कदम, प्रीति साहू, अनिता और अंजना ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में प्राथमिक विभाग से टीआरएम स्कूल पुरानी इटारसी ने आदिवासी नृत्य, गुरुनानक पब्लिक स्कूल ने संविधान पर आधारित नृत्य नाटिका, सनराइज पब्लिक स्कूल ने नृत्य देश हमारा, प्रज्ञान सीनियर सैकंड्री स्कूल पुरानी इटारसी ने जय मां भवानी नृत्य की प्रस्तुति दी। माध्यमिक विभाग से टीआरएम स्कूल पुरानी इटारसी ने सलाम तुझे इसरो विषय पर आधारित नृत्य पेश किया तो नेहरु पब्लिक स्कूल ने भगवाधारी मेरे घर आये राम नृत्य, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अच्छे संस्कारों का महत्व पर नाटिका प्रस्तुत की। एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल और जीवोदया के बच्चों ने विशेष प्रस्तुति दी। उच्चतर विभाग में प्रज्ञान सीनियर सैकंड्री स्कूल ने मैं नये भारत का चेहरा शीर्षक से नृत्य नाटिका, सनराइज पब्लिक हायर सैकंड्री स्कूल ने प्रण वालिया नृत्य, टैगोर विद्या मंदिर ने स्वच्छता अभियान पर आधारित नाटिका और रेनबो पब्लिक स्कूल ने नमामी ओम शीर्षक पर नृत्य की प्रस्तुति दी।

### ये बोले अतिथि

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उन्होंने जनता को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान किये कार्यों और आगामी वर्षों में प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी के साथ ही विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की योजनाओं की सराहना की। मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने कहा कि अमृतकाल का शुभ अवसर है, हम संकल्प लें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में देश को नई ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि कभी देश को विकासशील राष्ट्र की गिनती में गिना जाता था, आज विश्व भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है, हम तेजी से विकासशील राष्ट्र की पंक्ति में आगे बढ़े हैं।



### यह शामिल रहे मार्चपास्ट में

शासकीय एमजीएम कालेज एनसीसी कैडेट्स, एमजीएम गर्ल्स, गुरुनानक स्कूल बैंड दल, गर्ल्स कालेज एनसीसी कैडेट्स, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट जूनियर विंग, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला, वर्धमान पब्लिक स्कूल एनसीसी कैडेट्स, सेंट मेरी हायर सैकंड्री स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल बैंड दल, शासकीय कन्या उमा शाला का गाइड दल, गुरुनानक स्कूल, श्री टैगौर विद्या मंदिर, सेंट मेरी स्कूल का गाइड दल, टीआरएम स्कूल बैंड, श्री टैगार विद्या मंदिर, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, गुरुनानक स्कूल स्काउट दल के अलावा नगर पालिका की राम मंदिर की झांकी, रक्षा मंत्रालय की आधुनिक हथियारों की झांकी, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय की तंबाकू से होने वाले नुकसान बताती झांकी शामिल रही। स्कूली बच्चों ने मुकेशचंद्र मैना, उस्मान खान, अंकित चौरे, कार्तिकेय पटेल, दीपकांत पटेल के निर्देशन में पीटी का प्रदर्शन किया।

**गांधी मार्ग पर मार्चपास्ट:** कार्यक्रम का प्रथम चरण महात्मा गांधी मार्ग से प्रारंभ हुआ। यहां पुराना देना बैंक भवन के पास से सुबह मार्च पास्ट प्रारंभ हुआ। यहां से जयस्तंभ पहुंचकर ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। जयस्तंभ चौक से गांधी मैदान तक परेड के साथ पहुंचे।

### इनको मिले पुरस्कार

नर्मदापुरम से आयीं निर्णायक मंडल की तीनों सदस्य सुश्री सुरभि वशिष्ट, सुश्री सौम्या वशिष्ट और सुश्री कृतिका मालवीय ने प्रदर्शन के आधार पर परिणाम निकाले। इनमें प्राथमिक विभाग में गुरुनानक पब्लिक स्कूल प्रथम, प्रज्ञान सीनियर सैकंड्री स्कूल द्वितीय और सनराइज पब्लिक स्कूल तृतीय रहा। माध्यमिक विभाग में टीआरएम स्कूल प्रथम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वितीय और नेहरु पब्लिक सकूल तृतीय रहा। उच्चतर विभाग में रेनबो स्कूल प्रथम टैगोर विद्या मंदिर द्वितीय और प्रज्ञान सीनियर सैकंड्री स्कूल तृतीय रहा।

**नागरिक सम्मान:** शिव भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष, अच्छे प्रशासन के लिए तहसीलदार श्रीमती सुनीता साहनी, कानून व्यवस्था के लिए टीआई गौरव सिंह बुंदेला, अच्छे प्रशासन के लिए श्रीमती रितु मेहरा, सीएमओ नगर पालिका इटारसी, श्री नारायण चौरसिया, अध्यक्ष रोटरी क्लब फार दिव्यांगजन रिलीफ कैंप, श्रीमती विशाखा अंजीकर मुस्कान संस्था में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, प्रिंस वर्मा कचरे से फर्नीचर बनाने पर, अंजलि पाठक नर्स सरकारी अस्पताल, दीप्ति शुक्ला प्रभारी महिला बाल विकास अधिकारी, राहुल शरण पत्रकार, शशांक राजपूत रक्तदाता, विक्रम यादव गौ सेवक।

**कारसेवकों का सम्मान:** डॉ.सीतासरन शर्मा विधायक इटारसी-नर्मदापुरम, उमाशंकर चौधरी, शिवकिशोर रावत, सुधीश चौधरी, जयप्रकाश करिया पटेल, रामशंकर मेहतो, जगन्नाथ गालर पुरानी इटारसी, दयाल सिंह बंजारा, शिवकुमार चौधरी, अशोक रावत, शिवराम इंगोले, स्व.अनुराग सिंह ठाकुर, सुनील लाटा, मिलिंद रोंघे, विनोद तिवारी, यामलचंद आर्य, लक्ष्मीनारायण देवहरे, बबल चौधरी, स्व. महेश सोनी, स्व. गोवर्धन मालवीय, स्व. हेमंत चौरे, अभिमन्यु मेघानी, रमाकांत चौधरी, राज सिंह राजपूत, प्रदीप मालवीय, राजू चौरसिया।

**लोकतंत्र सेनानी सम्मान:** स्व. सरताज सिंह, स्व.अनिल शर्मा, स्व. शीतल प्रसाद मिश्र, स्व. लीलाधर अग्रवाल, स्व. सूरजप्रकाश खन्ना के परिजनों ने सम्मान ग्रहण किये। इनके साथ ही स्व. अशोक रावत, स्व.शंकर सिंह आर्य, स्व.शिवराम इंगोले, स्व. प्रकाशवल्लभ सोनी, स्व. हरिवल्लभ सोनी, स्व. अन्ना गद्रे, स्व. हरिनारायण अग्रवाल, स्व. मनोहरलाल मालवीय को लोकतंत्र सेनानी मीसाबंदी सम्मान से सम्मानित किया तो रामआसरे बाजपेयी, दुष्यंत गौर, गायत्री देवी मालवीय ने भी यही सम्मान ग्रहण किये।

# पचमढ़ी में अनुभूति कैंप का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व की रेंज पूर्व पचमढ़ी के अंतर्गत अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन पनारपानी गार्डन में किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटकुली,शासकीय हाईस्कूल सिंगानामा, शासकीय आश्रम विद्यालय मटकुली इत्यादि के विद्यालय के 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सहभागिता किये। अनुभूति 2023-24 के लिए थीम मैं भी बाघ है।

उक्त कार्यक्रम मैं विद्यार्थियों को नेचर ट्रेल,वन एवं वन्य प्राणियों के महत्त्व,वन्य प्राणियों के बारे में,पारिस्थितिक तंत्र के बारे में, लाइकेन, मॉस, फर्न, आवृत्तबीजी पौधों, द्विबीजपत्रीय पौधों, एकबीज पत्रीय पौधों, औषधिय पौधों, चेक डैम,स्टॉप डैम,बोरीबंधान, फायर लाइन, वन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्य,रॉक पेंटिंग, मिशन लाइफ, संवाहनीय जीवन शैली, वन विभाग के पदीय पदानुक्रम, चुनौतियाँ इत्यादि के बारे में बताया गया। क्विज प्रतियोगिता, ज्ञानवर्धक खेल, मैं हूँ बाघ गायन, अनुभूति शपथ इत्यादि भी कराये गए जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता दर्शाई। उक्त कार्यक्रम में सुनील पंद्रे परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम पचमढ़ी वनरक्षक, राकेश पटेल वनरक्षक, रश्मि वान वनपालप अनुभूति प्रेरक रहे। उक्त कार्यक्रम में विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, कमल धूत अध्यक्ष साडा पचमढ़ी, नवनीत नागपाल, प्रदीप बरकडे सरपंच सिंगानामा, पवन धुर्वे सरपंच पिसुआ, हुज़ेफा बोहरा पार्षद पचमढ़ी, मोंटी सिहोते पार्षद पचमढ़ी, यूएस यादव टीआई पचमढ़ी इत्यादि उपस्थित रहे। उक्त अनुभूति कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व पचमढ़ी के सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।



# अधिकारी कर रहे मनमानी, पिपरिया उपयंत्री को सिवनी मालवा का दिया अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग उपखंड पिपरिया में अल्प समय से पदस्थ उप यंत्री रवि केलवा जो कि अपने कार्य के मामले में पूर्ण तरह के सक्षम तथा ईमानदारी से उसके लिए आज दिनांक तक विभाग के द्वारा किसी प्रकार से पुरस्कृत नहीं किया गया है।

उनके कार्य क्षेत्र के अंदर नल जल योजना जल मिशन योजना के अंतर्गत जितने भी कार्य शासन के द्वारा संचालित किया जा रहे हैं लगभग जनता के हित में पूर्ण हो रहे हैं पानी पहुंच रहा है। इस कार्य से प्रभावित होकर सहायक यंत्री पी,एस साहू के द्वारा कार्यपालन यंत्र को पत्र लिखा गया है तथा एसडीओ के द्वारा आपात की दर्ज कराई गई है।

जिसमें बताया गया है कि रवि केलवा उपन्यत्री के पास विकासखंड पिपरिया बनखेड़ी दोनों जगह का कारभार है। उपखंड कार्यालय के में उपस्थित अनिवार्य रूप से रहते हैं उसके बाद भी ऐसी व्यक्ति को पिपरिया विकासखंड से लगभग 150 किलोमीटर स्थित सिवनी मालवा का प्रभार किसी उपयंत्री का अतिरिक्त सोपा गया है। जिसके कारण पिपरिया विधानसभा का कार्य प्रभावित हो सकता है इसके लिए एसडीओ ने आपत्ति दर्ज कराते हुए लिखा है कि ऐसे व्यक्ति को अदरक प्रभार ना दिया जाए।

जिससे कि पिपरिया का कार प्रभावित हो एसडीओ एस सी साहू शे चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि रवि केलवा के पास बनखेड़ी पचमढ़ी पिपरिया का प्रभार है और यह व्यक्ति ईमानदारी से अपने कार्य के प्रति सजग हैं इसलिए ऐसे व्यक्ति को अतिरिक्त प्रभार कर दूरी पर देना यह शासन का उचित निर्णय नहीं है इसलिए उन्हें शासन को विचार करने के लिए पत्र लिखा है।

# रिलायंस क्लब में गरीब बच्चों को प्रदान किए स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



लायंस क्लब माखन नगर बाबई द्वारा 26जनवरी 2024 को भारत उदय गुरुकुल स्कूल गुजरवाड़ा मे गरीब परिवार के बच्चों को स्वेटर वितरण किये गए एवं सांस्कृतिक कार्क्रम मे बच्चों को उपहार एवं 1100 रुपये भेंट किये। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष लायन राजेन्द्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष लायन संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष लायन आनंद सिंह राठौड़,स्कूल संचालक नीतिराज यादव ओर स्कूल का समस्त स्टाफ एवं ग्राम के नागरिक गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सुभारम्भ अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा सरस्वती एवं भारत माता का माल्यार्पण कर पूजन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

सोहगपुर प्रीमियर लीग मैच का हो रहा आयोजन

# व्यापारियों ने पत्रकार संघ को 5 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





नगर में सोहागपुर प्रीमियर लीग एस पी एल के मुकाबले चल रहे हैं। प्रतिदिन 3 से 4 लीग मैच समिति द्वारा खिलाये जा रहे हैं। आईकॉन सिटी के मैदान में मैच का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को चार मैच खेले गए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तहसील पत्रकार संघ एवं नगर परिषद प्रतिनिधि यशवंत पटेल गौरव पालीवाल आशीष विश्वकर्मा, रवि उईके जगदीश अहिरवार, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पहला मुकाबला रामगंज और गांधी वार्ड के बीच खेला गया। जिसमें रामगंज वार्ड 20 रन से मैच जीती मैच में मैन ऑफ द मैच विकास लुटारे रहे। जिन्होंने 21 बाल पर 55 रन बनाए। दूसरा मुकाबला गांधी वार्ड और सरदार वार्ड के बीच हुआ। इसमें गांधी वार्ड हार गई, विजेता सरदार वार्ड रहा जिन्होंने 2 विकेट से मैच जीता। गांधी वार्ड और सरदार वार्ड के बीच इसमें मैन ऑफ़ मैच आदित्य चंदेल रहे। जिन्होंने ऑल राउंड प्रदर्शन से एक ओवर मैं एक रन देकर एक विकेट लिया और 17 बॉल पर 35 रन भी बनाए। तीसरा मनोरंजक शो मैच पत्रकार संघ और व्यापारी संघ के बीच हुआ जिसमें व्यापारी संघ ने पत्रकार संघ को पांच विकेट से हराया।

इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच सूरज छाबड़िया रहे।चौथा मुकाबला रामगंज बनाम राजेंद्र वार्ड के बीच हुआ जिसमें राजेंद्र वार्ड 9 रन से मैच जीती यह प्रतियोगिता 5 फरवरी तक चलेगी जिसमें लीग मैच के राउंड चल रहे हैं मैच के निर्णायक ऋषभ रघुवंशी,नितिन, अश्वनी चौधरी थे।

मैच का आंखों देखा हाल आशीष आचार्य, पवन चौहान, अंकित श्रोती, दीपक ने सुनाया। समिति के मीडिया प्रभारी अश्वनी चौधरी ने बताया कि रविवार को लीग के तीन मुकाबले खेले जाएंगे। रविवार को 3 मैच है।

## पंजाबी सनातन समाज ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**इटारसी।** पंजाबी सनातन समाज इटारसी एवं पंजाबी महिला मंडल ने 22 तारीख को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया। श्री श्याम संकीर्तन मंडल ने संगीतमय हनुमान चालीसा का 11 बार किया। इस मौके पर समाज के सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने धर्म का लाभ उठाया। आयोजन समिति के भारत भूषण मिंटूगांधी, मनोज बतरा, कर्मवीर गांधी, सतीश बतरा, प्रकाश बत्रा, मनोज पोपली एवं पंजाबी समाज महिला मंडल की भारती पोपली, किरण साहनी, लता बतरा, नीलम गांधी, मिंटू नीलम गांधी सहित समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# बांसखापा हाईस्कूल तक पहुंच मार्ग कच्चा होने से नागरिकों को होती है परेशानी

बरसात के दिनों में शिक्षकों को रेलवे पटरी के सहारे पहुंचना पड़ता है विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर से मढ़ई मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत बांस खापा के हाई स्कूल का कच्चा मार्ग होने से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिवावकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उक्त कच्चे मार्ग पर बरसात के दिनों में तो आवाहन करना खतरा भरा होता है बाबजूद शिक्षित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए शिक्षको को इस कीचड़ नुमा रास्ते से गुजरने को मजबूर होना पड़ता है। ग्राम वासी विमल पटेल इत्यादि ने बताया कि अभी जब कि बरसात नही हो रही है तब तो इस रास्ते में पानी भरा रहता है तो बरसात के दिनों में इस करीब 500 मीटर रास्ते की दुर्दशा क्या होती होगी? उक्त रास्ते पर सड़क बनवाने के काफी प्रयास किए गए हैं लेकिन आज तक किसी का ध्यान इस ओर नही गया है। मिली जानकारी के अनुसार 100 विद्यार्थियों, 7 शिक्षको के इस हाई स्कूल तक कच्चे रास्ते के माध्यम से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने उक्त कच्चे रास्ते पर सड़क बनवाने की मांग शासन प्रशासन से की है। प्राचार्य पतिराम अहिरवार ने बताया कि अभी तो खेतों का पानी रास्ते में आने से पानी भरा है लेकिन बरसात के दिनों में तो यह रास्ता नाले में तब्दील हो जाता है। इस स्थिति में शिक्षकों और विद्यार्थियों को रेलवे पटरी के किनारे किनारे से होकर विद्यालय तक पहुंचना पड़ता है। अधिक पानी भरे होने की स्थिति में मिडिल स्कूल में ही विद्यालय संचालित करने को मजबूर होना पड़ता है। प्राचार्य पतिराम अहिरवार ने बताया कि उन्होंने उक्त समस्या के लिए ग्राम पंचायत और मुख्य कार्य पालन अधिकारी को अवगत कराया गया है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल से बात करनी चाही लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया है।



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकमानाएं
ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है।
बिजली बिल का भुगतान समय पर करें।
उपेंद्र मीणा जे.ई.
म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी रहटगांव

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद सिंह सागर सरपंच, गरीबदास पटवारे उप-सरपंच
दीपक यादव सचिव, रामभरोस डोंगरे रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत खमगॉव

समस्त प्रदेशवासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
श्रीमति सुमिया सुरज रंगीले सरपंच, श्रीमति शिवानी मनीष गौर उप-सरपंच
रामकृष्ण कुशवाह सचिव, भुरमल सोलांकी रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत रहटगाँव

समस्त प्रदेशवासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
रामसिंह भिलाला सरपंच
